स्थापित होगी पेंट फैक्ट्री, कंपनी से नहीं लिया जाएगा विकास शुल्क

आदित्य बिड़ला समूह गोरखपुर में करेगा 700 करोड़ रुपये का निवेश

जासं, गोरखपुर : प्रतिष्ठित आदित्य बिड़ला समूह ने गोरखपुर में करीब 700 करोड़ रुपये के निवेश के लिए कदम बढ़ा दिया है। कंपनी यहां पेंट बनाने की औद्योगिक इकाई स्थापित करेगी। इसके लिए कंपनी के प्रतिनिधि फरवरी में ही प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण कर चुके हैं। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की ओर से भीटी रावत में करीब 70 एकड़ जमीन का प्रस्ताव दिया गया है। हाल ही में कंपनी के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी से इस विषय पर बात भी की। जिला प्रशासन की ओर से भी हरी झंडी दे दी गई है। इस यूनिट से दो हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

गीडा में बढ़ती सुविधाओं के बाद कई बड़ी कंपनियों ने गोरखपुर में निवेश की इच्छा जताई थी। इन्हीं में से एक आदित्य बिड़ला समूह भी है। करीब आठ महीने पहले ही कंपनी ने यहां निवेश की इच्छा जताई थी। उस समय यह साफ नहीं था कि कितने का निवेश होगा, लेकिन पेंट की औद्योगिक इकाई लगाने का निर्णय हो गया था। गीडा प्रबंधन की ओर से भीटी रावत में जमीन देने का प्रस्ताव दिया गया। फरवरी में आए कंपनी के प्रतिनिधियों ने इस जमीन का निरीक्षण भी कर लिया है। कंपनी से भूमि का विकास शुल्क नहीं लिया जाएगा। कंपनी अपने स्तर से उसे विकसित करेगी। वहीं कंपनी को पेंट की इकाई लगाने के लिए पानी की अधिक जरूरत होगी, जिसे यहां आसानी से पूरा किया जा सकेगा। उसकी बिजली की जरूरत भी पूरी होगी।

बदलती तस्वीर

- गीडा में 70 एकड़ की जमीन पर लगेगा प्लांट
- 02 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार

> गीडा क्षेत्र में आदित्य बिड़ला समूह की ओर से करीब 700 करोड़ रुपये का बड़ा निवेश किया जाएगा। इसके लिए गीडा की ओर से जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी के प्रतिनिधियों से बात हुई है। उन्हें हर प्रकार का सहयोग दिया जाएगा। इस निवेश से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल सकेगा।
>
> **के. विजयेंद्र पाण्डियन,** जिलाधिकारी